कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो०नि०वि० डीडीहाट (पिथौरागढ़)
Office of the Executive Engineer, PD, PWD Didihat (Pithoragarh)
Phone & Fax- 05964-232124 E-Mail- eepwdddt@rediffmail.com

पत्रांक 2217 /3C दिनॉक 13 /06 /2023

सेवा में,

प्रभागीय वनाधिकारी
पिथौरागढ वन प्रभाग,
पिथौरागढ़।

विषय :– जनपद पिथौरागढ़ के राज्य योजना के अन्तर्गत विधानसभा क्षेत्र डीडीहाट के अन्तर्गत तिलाड़ी से सेरा तक मोटर मार्ग के नवनिर्माण हेतु 3.02 हे0 वनभूमि का गैर वानिकी कार्यों हेतु लोक निर्माण विभाग को प्रत्यावर्तन **(Online No: FP/UK/Road/46681/2020)**

संदर्भ :– **भारत सरकार, पर्यवरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय, देहरादून का पत्रांक सं0 8बी / यू.सी.पी. / 06 / 79 / 2021 / एफ.सी. / 531 दि0 14.07.2022।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक संदर्भित पत्र के क्रम में अवगत कराना है कि उक्त मोटर मार्ग के आनलाईन वनभूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव में लगायी गयी आपत्ति ***"प्रस्तावित मार्ग का अवलोकन कर यह ज्ञात होता है कि गांव तिलाड़ी एवं सेरा पूर्व से मार्ग से जुड़े हुए हैं। वर्तमान में मार्ग से इन दोनों गांवों की दूरी लगभग 500 मी0 के भीतर है। अतः राज्य सरकार द्वारा इन दोनों गांवों के लिए नये मार्ग की आवश्यकता स्पष्ट नहीं है। गांव दुबतड़ हालांकि मार्ग से नहीं जुड़ा है किन्तु प्रस्तावित समरेखन के बिन्दु सं 1 से 7 तक ही मार्ग का निर्माण कर गांव दुबतड़ को मार्ग से जोडा जा सकता है।"*** के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि उक्त मोटर मार्ग की स्वीकृति मा0 मुख्यमंत्री घोषणा संख्या–191 / 2018 के अन्तर्गत प्राप्त है।

यह मोटर मार्ग सानदेव चौबाटी मुवानी मोटर मार्ग के किमी0 11 से निकलने वाले चौबाटी–तिलाड़ी मोटर मार्ग के अन्तिम बिन्दु किमी0 2 से प्रारम्भ होकर तिलाड़ी, दुबतड़, सेरा सुनाली आदि गांवों से होकर गुजरता है, जिनकी आबादी 414 है। उक्त मोटर मार्ग में दुबतड़, तिलाड़ी के अन्तर्गत छोटे तोक मार्ग से जुड़ रहे हैं। वर्तमान में तिलाड़ी एवं सेरा मोटर मार्ग से संयोजित हैं, परन्तु लखतीगांव, सेरासुनाली आदि ग्रामों को चौबाटी, मुवानी, डीडीहाट जाने के लिए अधिक दूरी तय करनी पड़ रही है। उक्त के अतिरिक्त यह भी अवगत कराना है कि प्रस्तावित मोटर मार्ग का अन्तिम बिन्दु सेरा सुनाली हरड़कटिया मोटर मार्ग पर जाकर मिलता है, जिसके समीप प्रख्यात अलाईमल मन्दिर स्थापित है। उक्त मन्दिर में दर्शन हेतु श्रृद्धालु वर्षभर आते रहते हैं। उक्त मोटर मार्ग के निर्माण से चौबाटी क्षेत्र एवं लखतीगांव क्षेत्र के बीच की दूरी कम होने से स्थानीय जनता को लाभ एवं मन्दिर दर्शन हेतु श्रृद्धालुओं को भी कम दूरी तय करनी पड़ेगी।

अतः उक्त बिन्दुओं के दृष्टिगत एवं संदर्भित पत्र में दिये गये निर्देशों के क्रम में उक्त प्रस्तावित मोटर मार्ग के निरीक्षण हेतु तिथि निर्धारित कर इस कार्यालय को अवगत कराने का कष्ट करें ताकि प्रकरण पर अग्रिम कार्यवाही की जा सके। मार्ग का Line Diagram संलग्न है।

संलग्न– Line Diagram


भवदीय

13/06/23

(इं0 जमदीश प्रसाद)
अधिशासी अभियन्ता
प्रा0ख0, लो0नि0वि0 डीडीहाट
13/06/2023

# तिलाड़ी से सेरा मोटर मार्ग

230




AE

सहायक अभियन्ता
प्रा० ख० लो० नि० वि०
डीडीहाट (पिथौरागढ़)

अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लोक निर्माण विभाग
डीडीहाट